
## खबर संक्षेप



### पोंडी खुर्द में आज होगा दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन

**उमरियापान**। उमरियापान के समीपस्थ ग्राम पोंडी खुर्द में पूर्णिमा तिथि पर परंपरागत रूप से दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जाता है। यहां विशेष परंपरा के तहत नवरात्रि के 9 दिन नहीं, बल्कि पूरे 15 दिनों तक श्रद्धालु मातारानी की पूजा-अर्चना करते हैं। श्रद्धालु इन दिनों में महाआरती, 56 भोग, प्रसाद वितरण जैसे धार्मिक अनुष्ठान श्रद्धा एवं भक्ति भाव से संपन्न करते हैं। शरद पूर्णिमा पर मंगलवार के दिन गांव में मातारानी का शोभायात्रा (जुलूस) निकलेगा, जो पूरे गांव का भ्रमण कर बेलकुंड नदी में जाकर प्रतिमा विसर्जन के साथ संपन्न होगा। गांव की एक और परंपरा यह भी है कि वर्ष 1989 से स्थानीय समिति के कलाकारों द्वारा लगातार रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जो पूरे एक महीने तक चलता है। रामलीला देखने के लिए आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु और दर्शक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं।

### दो विक्रेताओं का विक्रय प्राधिकार निलंबित

**कटनी**। किसानों को गुणवत्ता पूर्ण खाद-बीज एवं कीटनाशकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने सघन जांच अभियान चलाने और प्रयोगशाला में नमूनों की जांच करवा कर अमानक खाद-बीज एवं कीटनाशक औषधि विक्रेताओं के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिए गए निर्देश के पालन में अमानक कीटनाशक का विक्रय करने पर जिले के दो विक्रेताओं का कीटनाशी औषधि विक्रय प्राधिकार पत्र निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई दुकान से लिए गए कीटनाशकों के नमूने प्रयोगशाला जांच में अमानक पाये जाने के बाद कीटनाशी अधिनियम 1968 की धारा 14 (1-बी) के अंतर्गत की गई है। कलेक्टर श्री तिवारी के निर्देश पर की गई इस कार्यवाही के संबंध में अनुज्ञापन अधिकारी एवं उपसंचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि विकासखंड रीठी के मेसर्स वीरेन्द्र कुमार ग्राम गुरजीकला को 17 दिसंबर 2020 को कीटनाशी औषधि विक्रय प्राधिकार पत्र जारी किया गया था। इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसी प्रकार विकासखंड बड़वारा के मेसर्स आरपी कृषि खाद बीज भंडार (प्रो. पूनम पटेल) को 11 अक्टूबर 2021 को विक्रय प्राधिकार प्रदान किया गया था। इसे तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### भावांतर योजना के तहत सोयाबीन पंजीयन शुरू

**कटनी**। किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार की भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2025 (विपणन वर्ष 2025-26) के लिए ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन का पंजीयन शुरू है। यह पंजीयन 17 अक्टूबर तक चलेगा। खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा धान, ज्वार और बाजरा के ई-उपार्जन पोर्टल पर जारी निर्देश के अनुसार सोयाबीन का पंजीयन किया जाएगा। जिले में किसानों की सुविधा के लिए सहकारी विपणन मर्यादित्त कटनी (23420001) के अंतर्गत कृषि उपज मंडी को एकल पंजीयन केंद्र निर्धारित किया गया है। कलेक्टर आशीष तिवारी ने पंजीयन हेतु प्रचार -प्रसार, मंडी खरीदी व्यापारियों के स्टॉक का सत्यापन, भुगतान, मंडी मे एफ ए क्यू ग्रेड सोयाबीन के भाव की निगरानी, खरीदी की प्रक्रिया कैमरों वीडियों की निगरानी में सपन्न कराने, व्यापारियों को एफ ए क्यू ग्रेड पर घोष विक्रय करवाने, व्यापारियों द्वारा लगाई जा रही घोष विक्रय पर निगरानी रखी जाने, मंडी में लायसेंसधारी व्यापारियों की बैठक आयोजित करने एवं अन्य भावांतर भुगतान योजनांतर्गत समस्त कार्यों हेतु जिला स्तरीय 10 सदस्यीय समिति गठित की है। इस समिति का नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा को बनाया गया है।

## सड़क दुर्घटनाओं में शून्य मृत्यु दर वाला जिला बनाने का प्रयास करने हेतु किया निर्देशित

# वर्ष 2025: हादसों में 136 की हुई मौत, 756 हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



पुलिस कंट्रोल रूम में सोमवार को सड़क सुरक्षा पर सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश एवं भारत की सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के वर्तमान अध्यक्ष अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण रिव्यू मीटिंग का आयोजन किया गया। इस दौरान कलेक्टर आशीष तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा मौजूद रहे। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया, एसडीएम प्रमोद कुमार चतुर्वेदी, नगर निगम डिप्टी कमिश्नर शैलेष गुप्ता, पीडब्लूडी कार्यपालन यंत्री शारदा सिंह, एनएचएआई अधिकारी हेमंत सिंह, एआरटीओ संतोष पाल सहित पुलिस एवं प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, ट्रैफिक पुलिस स्टाफ तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कटनी जिले को जीरो एक्सीडेंटल फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट अर्थात सड़क दुर्घटनाओं में शून्य मृत्यु दर वाला जिला बनाने का प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।

कार्यशाला में श्री सप्रे ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की। पिछले पांच वर्षों के दौरान हुई सड़क दुर्घटना में घायल हुये व्यक्यिों एवं मृतकों की संख्याओं पर गहन विश्लेषण किया गया एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी कर कटनी जिले को ₹जीरो एक्सीडेंटल फेटेलिटी डिस्ट्रिक्ट₹ बनाने का प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया।

### नो हेलमेट, नो अटेंडेंस की नीति

कार्यशाला के दौरान सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूल एवं कॉलेजों में आने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य करने का सुझाव दिया गया। साथ ही कहा गया कि ₹नो हेलमेट, नो अटेंडेंस₹ की नीति अपनाई जाये। जिससे जागरूकता फैल सके। यह नीति शासकीय कार्यालयों में अपनायी जाये, जिससे वे अन्य नागरिकों के लिये उदाहरण बन सकें एवं हेलमेट पहनने के लिये प्रेरित हो सकें। स्कूलों एवं कॉलेजों में हेलमेट की महत्ता, सड़क पर सुरक्षा नियमों के पालन तथा यातायात अनुशासन के विषय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। स्कूलों में पालकों के साथ मीटिंग कर यातायात नियमों एवं हेलमेट की उपयोगिता के बारे में जागरूकता फैलाने निर्देशित किया।

जिले में व्यापक रूप से शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरूद्ध अभियान चलाने एवं सख्त कार्यवाही के निर्देश बैठक में दिये गये। सड़कों पर पाए जाने वाले गड्ढों को शीघ्र भरने एवं मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु लोक निर्माण विभाग एवं नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में आरटीओ विभाग को नियमित रूप से हेलमेट चेकिंग अभियान चलाने तथा जनता में सड़क सुरक्षा के प्रति चेतना फैलाने के लिए संवेदनशील एवं सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाने के निर्देश दिए गए। साथ ही न्यायाधीश श्री सप्रे ने कहा कि ₹सड़क सुरक्षा केवल पुलिस या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि यह हर नागरिक का दायित्व है। समाज के सभी वर्गों को मिलकर इस दिशा में योगदान देना होगा।

इसके अतिरिक्त यातायात नियमों एवं जागरूकता संदेश देने हेतु वाहन रैली का आयोजन किया जाये, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को हेलमेट की अनिवार्यता एवं उपयोगिता की समझ प्राप्त हो।

पूर्व न्यायाधीश श्री सप्रे ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि ₹व्यक्ति का जीवन अनमोल है, और सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करना हर व्यक्ति का नैतिक दायित्व है। जागरूकता, अनुशासन और सही प्रयास ही जीवन रक्षा के सर्वोत्तम उपाय हैं।₹ उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट रोड सेफ्टी कमेटी पूरे देश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नीतिगत सुधार और जन-जागरूकता अभियानों पर लगातार कार्य कर रही है।

### सड़क दुर्घटना के पांच वर्ष के आंकड़े

| वर्ष | कुल दुर्घटनाओं की संख्या | घायलों की संख्या | मृतक संख्या |
|---|---|---|---|
| 2020 | 871 | 1000 | 216 |
| 2021 | 971 | 1025 | 223 |
| 2022 | 1035 | 1259 | 226 |
| 2023 | 1066 | 1334 | 265 |
| 2024 | 1097 | 1381 | 270 |

### सड़क दुर्घटना के आंकड़े वर्ष 2025

| वर्ष | दो पहिया वाहन दुर्घटना संख्या | मृतक संख्या | घायल संख्या |
|---|---|---|---|
| 2025 | 384 | 83 | 452 |
| | चार पहिया वाहन दुर्घटना संख्या | मृतक संख्या | घायल संख्या |
| | 196 | 53 | 304 |

### हादसों में कमी लाने करें प्रयास

कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने अपने-अपने विभागों के माध्यम से सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने एवं व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने का संकल्प लिया। कलेक्टर श्री तिवारी ने कहा कि ₹सड़क सुरक्षा केवल नियमों का पालन नहीं, बल्कि यह नागरिक कर्तव्य का भी प्रतीक है। प्रशासन सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सभी विभागों के साथ मिलकर समन्वित कार्य करेगा। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा ने कहा कि कटनी पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न अभियान जैसे -हेलमेट चेकिंग, यातायात जनजागरूकता कार्यक्रम, स्कूलों में ट्रैफिक शिक्षा आदि निरंतर जारी रहेंगे।

**जिले के 16 केन्द्रों में 12 अक्टूबर को होगी 10 बजे से होगी परीक्षा**

## राष्ट्रीय प्रतिभा खोज और मीन्स-कम मेरिट परीक्षा में शामिल होंगे 5167 छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी

**राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रथम चयन परीक्षा और राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा 2025-26 का आयोजन रविवार, 12 अक्टूबर 2025 को किया जा रहा है। जिले के 16 परीक्षा केंद्रों पर प्रातः 10:00 बजे से यह परीक्षा शुरू होगी। जहां जिले भर से 5 हजार 167 विद्यार्थी इन परीक्षाओं में शामिल होंगे।**

परीक्षा के सुचारु संचालन के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी के निर्देश पर जिला स्तर पर जिला शिक्षा अधिकारी अधिकारी कटनी के कक्ष क्रमांक 108 में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम का दूरभाष क्रमांक 07622-245808 रहेगा। इसके अतिरिक्त, अभ्यर्थी और संबंधित अधिकारी जिले के सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालयों और बी.आर.सी. कार्यालयों से भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। जिन छात्रों ने इन परीक्षाओं के लिए आवेदन किया है, वे अपने प्रवेश पत्र www.mponline.gov.in वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं। सभी छात्रों को निर्धारित तिथि पर प्रातः 9:30 बजे अपने परीक्षा केंद्र पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। परीक्षा की गोपनीय सामग्री का वितरण 10 अक्टूबर को किया जाएगा। यह सामग्री जिले के सभी परीक्षा केंद्रों के केन्द्राध्यक्षों को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, माधव नगर, कटनी से वितरित की जाएगी।

### किन केन्द्रों में कितने परीक्षार्थी होंगे शामिल

राष्ट्रीय प्रतिभा खोज प्रथम चयन परीक्षा एवं राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट छात्रवृत्ति चयन परीक्षा के अंतर्गत शास.उ.उ.मा.वि. बहोरीबंद में 424 छात्र, शा. माडल उ.मा.वि. बहोरीबंद में 375 छात्र, शास.उ.उ.मा.वि. पान उमरिया में 394 छात्र, शा.कन्या उ.मा.वि. पान उमरिया में 436 छात्र शामिल होंगे। इसी प्रकार शा.माडल उ.मा.वि. ढीमरखेड़ा में 95 छात्र, शास.उ.उ.मा.वि. रीठी में 407 छात्र, शा. माडल उ.मा.वि. रीठी में 203 छात्र, शास.उ.उ.मा.वि. माधव नगर में 292 छात्र, शा.उ.मा.वि.एन.के.जे. कटनी में 289 छात्र छात्र परीक्षा देंगे।

जबकि शा.उ.मा.वि. वेंकटवार्ड में 261 छात्र, शास.उ.उ.मा.वि. बडवारा में 333, शास. माडल उ.मा.वि. बड़वारा में 327, शास.बालक उ.मा.वि. बरही में 287, शास.उ.उ.मा.वि.वि०गढ़ में 463 और शा. माडल उ.मा.वि.वि०गढ़ में 304 छात्र शामिल होंगे।

## मतदाता सूची के पुनरीक्षण हेतु अधिकारियों का प्रशिक्षण



मप्र राज्य निर्वाचन आयोग तथा कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार नगर निगम कटनी की 1 जनवरी 2025 के आधार पर मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण प्रारूप फोटोयुक्त मतदाता सूची का आम लोगों को निरीक्षण कराकर दावा-आपत्ति प्राप्त कर प्रस्तुत करने हेतु नियुक्त 47 प्राधिकृत अधिकारियों को सोमवार को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। यह प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर एनपी गुप्ता प्राचार्य हायर सेकेंडरी स्कूल कैलवारा द्वारा नगर निगम कटनी के मेयर इन काउंसिल सभागार में दोपहर 12 बजे से प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर श्री गुप्ता द्वारा मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया ईआर-1, ईआर-2 तथा ईआर-3 एवं उससे संबंधित सभी बिंदुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया जाकर प्राधिकृत अधिकारियों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा पूछे गए प्रश्नों का समाधान किया गया। मास्टर ट्रेनर श्री गुप्ता द्वारा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत निर्धारित मतदान केन्द्रों में 8 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दावे आपत्तियां आमंत्रित की गई है।

## शरद पूर्णिमा पर मंदिरों में हुए विविध कार्यक्रमों के आयोजन, खीर का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद



शरद पूर्णिमा महोत्सव सोमवार को स्लीमनाबाद तहसील मैं आस्था व उल्लास के साथ मनाया गया। तहसील क्षेत्र के मंदिरों मैं सुबह से लेकर देर शाम तक धार्मिक आयोजन चलते रहे। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी रसिक बिहारी जू मंदिर में अमृतमयी आनंद रस बरसा। शरद महोत्सव के अवसर पर श्री राधाकृष्ण जी का जीवंत महारास अवतरित हुआ। इस मौके पर मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। भगवान का पुष्पों और फलों से श्रंगार किया गया।दोपहर को मंदिर मे महिलाओ के द्वारा भजन संकीर्तन किया गया तो शाम को भगवान को छप्पन भोग का प्रसाद लगाकर वितरण किया गया। साथ ही खीर का प्रसाद वितरण किया गया। कौड़यि स्थित श्रीराम जानकी मंदिर मे शरद पूर्णिमा उत्सव मनाया गया। दोपहर में मंगलगीत, सुंदरकाण्ड पाठ एवं चार बजे बालाजी के खीर का भोग लगाकर भक्तों को अमृतमयी खीर का प्रसाद दिया गया। रात में भजन संध्या का आयोजन और महिलाओं ने महारास उत्सव मनाया गया। शरद पूर्णिमा के अवसर पर घरो व मंदिरों मैं भी महिलाओं के द्वारा सामूहिक पूजा अर्चना की गई। माता लक्ष्मी की पूजा अर्चना सुख समृद्धि व संतान प्राप्ति ओर संतान की रक्षा की कामना की गई। पंडितों के द्वारा विधि विधान से शरद पूर्णिमा व्रत कथा पूर्ण कराई गई।

## देश को समृद्ध बनाना है तो हमें स्वदेशी अपनाना होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद



मप्र जन अभियान परिषद ब्लॉक बहोरीबंद द्वारा जनपद पंचायत सभागार में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के तहत संचालित समाज कार्य में स्नातक /परास्नातक कोर्स के उद्घाटन सत्र का आरम्भ पंडित दीनदयाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण ओर दीप प्रज्वलित कर किया गया एवं स्वदेशी जागरण सप्ताह पर व्याख्यान/संगोष्ठी के आयोजन हुआ।

विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा तथा जन अभियान परिषद के द्वारा किए जाने वाले कार्यों को रखा। साथ ही सभी नये प्रवेशित छात्रों को प्रोजेक्ट के माध्यम से कक्षा का संचालन विषय तथा सीएमसीएलडीपी एप की जानकारी दी गई। द्वितीय चरण में परामर्शदात्री उमा अवस्थी ने नारी शक्ति को देश की संचालन व्यवस्था का केंद्रबिंदु बताते हुए सर्वोपरि कहा! मेंटर रामसिंह पटेल ने पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधे लगाने हेतु सभी का आवाहन किया ताकि पर्यावरण संतुलन बना रहे।

सेक्टर प्रभारी धनीराम लोधी ने जन अभियान परिषद के साथ प्रस्फुटन समिति के रूप में किए गए नवाचार और कार्यों को रखा।तृतीय चरण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज कुमार गर्ग ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत पर विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि विकास ऊपर से नीचे नहीं, नीचे से ऊपर की तरफ कार्य करने अर्थात अंतिम छोर के व्यक्ति की जरूरतों के अनुसार कार्य करने से आएगा।

भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार ने पंडित दीनदयाल के अंत्योदय सिद्धांत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल ऐसे विचारक थे जो हमेशा अंतिम छोर के व्यक्ति को समृद्ध करने के लिए तत्पर रहते थे! उनका मानना था कि अंतिम व्यक्ति को समृद्ध किए बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता।

एडवोकेट सुरेज सिंह सेंगर ने स्वदेशी जागरण पर चर्चा करते हुए कहा कि यदि देश को समृद्ध बनाना है तो हमें स्वदेशी अपनाना ही होगा। उन्होंने स्वदेशी वस्तुओं की सूची प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया।वहीं राकेश गर्ग ने संस्कार स्वच्छता, स्वभाव स्वच्छता पर अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारे स्वभाव और विचारों में स्वच्छता लाने के लिए अच्छा सोचना,पूछना या जानकारी लेना व करके दिखाना ये तीन बातो ध्यान रखना होगा।

बीआरसी प्रशांत मिश्रा ने स्वदेशी जागरण एवम संस्कारित शिक्षा पर बात रखी तथा जन अभियान परिषद के द्वारा किए जाने वाले कार्यों की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मेंटर अवधेश बैरागी ने किया।

### विभिन्न चरणों में प्रदर्शन के आधार पर होगा युवाओं का चयन

## विद्यार्थियों के लिए विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटनी



शासकीय महाविद्यालय बरही में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शनर एवं रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज 2026 में सहभागिता के लिए आवश्यक जानकारी देते हुए पंजीयन कराया जा रहा है। पंजीयन की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर तक निर्धारित की गई है।

डॉ. अरविंद सिंह ने बताया कि भारत को 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य के साथ, विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह क्विज प्रतियोगिता विकसित भारत युवा संवाद 2026 का हिस्सा है, जो कि 'माय भारत' पोर्टल पर उपलब्ध है। यह पहल पूरे देश में युवाओं को भारत के भविष्य को आकार देने के लिए प्रोत्साहित करने का एक प्रयास है। 12 भाषाओं में आयोजित यह क्विज भारत और विकसित भारत की परिकल्पना से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रतिभागियों के सामान्य ज्ञान का परीक्षण करता है। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में जिज्ञासा जगाना, ज्ञानपूर्ण भागीदारी को बढ़ावा देना और हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश से प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना है। विजेताओं को अगले चरणों (निबंध, प्रस्तुतिकरण आदि) में जाने का मौका मिलेगा, जहाँ वे अपने विचारों को साझा कर सकते हैं, नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन कर सकते हैं और विकसित भारत @2047 के सपने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। यह आयोजन युवाओं को देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए उनके विचारों को साझा करने तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 12 जनवरी 2026 को नई दिल्ली के भारत मंडपम में हजारों युवाओं के साथ किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री युवाओं से विकसित भारत के रोड मैप पर में चर्चा करेंगे। जिसमें देशभर के 15 वर्ष से 29 वर्ष के ही युवा सहभागिता कर सकेंगें।

पंजीयन कार्य प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी, रा. से. यो. कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविन्द सिंह, डॉ रश्मि त्रिपाठी एवं डॉ. आर. जी. सिंह, डॉ. सुनीता सिंह, डॉ. के. के. विश्वकर्मा, डॉ. के. के. निगम, डॉ नीलम चतुर्वेदी, मनीष मिश्रा, डॉ रूपा शर्मा का सहयोग रहा।

## हत्या के प्रयास के आरोपी को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| स्लीमनाबाद



राड एवं डंडा से युवक पर कातिलाना हमला करने वाले आरोपित को बहोरीबंद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार दिनांक 17/07/2025 को विजय जायसवाल 49 वर्ष, पिता स्व. रामलाल जायसवाल के साथ आरोपी अभिलाष सोनी एवं उसके साथी भागचंद जायसवाल ने जमीनी विवाद को लेकर सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में डंडे और रॉड से मारपीट की। घायल विजय जायसवाल की रिपोर्ट पर थाना बहोरीबंद में अपराध क्रमांक 242/25 धारा 296, 115(2), 109, 351(3), 3(5) बी एन एस के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया और विवेचना शुरू की गई।

एसपी अभिनव विश्वकर्मा, एएसपी डॉ. संतोश डेहरिया, स्लीमनाबाद एसडीओपी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बहोरीबंद निरीक्षक अखलेश दाहिया ने अपनी टीम के साथ आरोपी की तलाश की। संस्कार परिसर, जबलपुर से आरोपी अभिलाष सोनी को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी भागचंद जायसवाल के साथ मिलकर विजय जायसवाल पर जानलेवा हमला करने की बात स्वीकार की। घटना में प्रयुक्त रॉड को जप्त किया गया। आरोपी अभिलाष सोनी 35 वर्ष, पिता रमेश सोनी, निवासी बिग बाजार के पीछे, थाना ग्वारीघाट जिला जबलपुर, वर्तमान पता भागचंद जायसवाल का मकान, संस्कार परिसर, बस्ती नं. 02, थाना गोहलपुर, जिला जबलपुर) को न्यायालय कटनी में पेश किया गया, जहां से उसे जिला जेल कटनी में दाखिल कराया गया।

कार्यवाही में निरीक्षक थाना प्रभारी अखलेश दाहिया, उनि. धनजंय पाण्डेय, प्र.आर. भोलाराम गुप्ता, आर. कोमल सिह, अतुल श्रीवास्तव, नरेन्द्र पटेल, दीपक सिह, बृजेश सिह, आकाश साहू की सराहनीय भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक मार्गों से घुमंतू मवेशियों को पकड़ा

**कटनी**। नगर के मुख्य मार्गों में घुमंतु मवेशियों के विचरण पर रोक लगाकर नागरिकों को सुगम यातायात मुहैया कराने के उद्देश्य से निगम प्रशासन की हांका गेंग रोजाना सक्रियता से अभियान चलाकर आवारा मवेशियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर रही है। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम की हांका गेंग द्वारा रविवार देर शाम नगर के विभिन्न मार्गो सागर पुलिया, माधवनगर गेट, विश्राम बाबा, दुगाडी नाला मार्ग, जिला न्यायालय से होते हुए पीरबाबा मुख्य मार्ग में सार्वजनिक रूप से विचरण कर यातायात एवं सफाई व्यवस्था प्रभावित करने वाले घुमंतु मवेशियों को हांका लगाकर मुख्य मार्गो से पृथक करते हुए नगरीय सीमा के बाहर छोड़नें की कार्यवाही की गई। स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगम प्रशासन द्वारा घुमंतु मवेशियों के सार्वजनिक मार्गो पर विचरण पर लगाम लगाने हेतु यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। पशुपालकों से सार्वजनिक मार्गो में पालतू पशुओं को आवारा रूप से विचरण हेतु नहीं छोडने की अपील की है।

### आकर्षक पेंटिंग से दिया स्वच्छता का संदेश

**कटनी**। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत शहर में विभिन्न स्वच्छता लक्षित इकाइयों क्लीननेस टारगेट यूनिट सीटीयू का चयन किया जाकर आदर्श इकाई के रूप में विकसित करने की पहल प्रारंभ की गई है। जिसके तहत विगत दिवस बस स्टैंड परिसर को एक प्रमुख इकाई के रूप में चिन्हित किया जाकर व्यापक स्तर पर सफाई, सौंदर्यीकरण और जन जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान चयनित सीटीयू बस स्टैंड परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर क्षेत्र को पूरी तरह कचरा एवं गंदगी मुक्त बनाते हुए एकत्रित कचरे को डंपिंग यार्ड भेजा गया। अभियान के दौरान बस स्टेंड परिसर की डिवाइडर एवं दीवारों पर आकर्षक स्वच्छता संदेशों और सजावटी पेंटिंग कर बस स्टेंड आने-जाने वाले नागरिकों और यात्रियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित करनें का कार्य भी किया गया। नोडल अधिकारी आदेश जैन ने बताया कि निगम प्रशासन द्वारा यह पहल स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए की जा रही है।

### डेकोरेटिव रिंग लाइट मानक अनुरूप नहीं पाए जाने पर की गई रिजेक्ट

**कटनी**। नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नगर के सौदर्यीकरण के साथ प्रकाश व्यवस्था को सुदृढ़ करनें हेतु शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो पर 35 लाख 50 हजार रूपये की लागत से डेकोरेटिव विद्युत पोल एवं डेकोरेटिव लाइट स्थापित किये जाने का कार्य निविदाकार गणेश प्रसाद त्रिपाठी के द्वारा कराया जा रहा है। नगर निगम के सहायक यंत्री विद्युत शाखा आदेश जैन एवं उपयंत्री श्रीमती मोना करेरा ने जानकारी देते हुए बताया कि निविदाकार द्वारा विभिन्न स्थलों पर लगाई गई डेकोरेटिव रिंग लाइट बंद होने की समस्या की जांच के दौरान डेकोरेटिव पोल में लगाई गई लाइट मानक अनुरूप होना नहीं पाई गई। जिस पर नगर निगम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए निविदाकार श्री त्रिपाठी द्वारा लगाई गई डेकोरेटिव स्ट्रीट लाइट को रिजेक्ट कर पोल से अलग करा दिया गया है। सहायक यंत्री श्री जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि निविदाकार को नियमानुसार नवीन मानक अनुरूप ही रिंग लाइट लगाकर शीघ्र ही स्थल का कार्य पूर्ण करानें हेतु निर्देशित किया गया है, ताकि नगर के सौंदर्यीकरण के साथ ही नागरिकों को सुचारू प्रकाश व्यवस्था मुहैया कराई जा सके।

### जिले में अब तक 1162.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी**। जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से सोमवार 6 अक्टूबर तक कुल 1162.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल रीठी तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 1481.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। इसी अवधि में जिले में बीते वर्ष कुल 1072.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 8.4 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है।

---

### तीन घंटे तक चलता रहा प्रदर्शन, पहले एक सप्ताह अब दो दिन का आश्वासन

# सुरक्षा के लिए संघर्ष : छात्र-छात्राओं ने किया प्रदर्शन, कहा- मंडरा रहा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा

शासकीय महाविद्यालय के सामने सड़क सुरक्षा की मांग को लेकर राष्ट्रीय छात्र संगठन (NSUI) के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने सोमवार की दोपहर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं कॉलेज परिसर के सामने धरने पर बैठे और जिला प्रशासन, तहसील प्रशासन, एवं मध्य प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लगभग तीन घंटे तक चले इस प्रदर्शन ने उमरिया पान मार्ग पर लोगों का ध्यान खींचा, जिसके बाद दो दिन के भीतर स्पीड ब्रेकर बनाने के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया।



#### हादसे का बना रहता है डर

प्रदर्शन में शामिल छात्र नेताओं अवध यादव और ताहिर अंसारी सौरभ शुक्ला ने बताया कि शासकीय महाविद्यालय ढीमरखेड़ा के सामने से गुजरने वाले उमरिया पान मार्ग पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। महाविद्यालय के ठीक सामने गतिरोधक (स्पीड ब्रेकर) का निर्माण न होने से विद्यार्थी कभी भी बड़ी सड़क दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं।

#### हादसे में कई हुए थे घायल

छात्र नेताओं ने याद दिलाया कि पूर्व में इसी स्थान पर एक बड़ा हादसा हो चुका है, जब एक ट्रक अनियंत्रित होकर प्रतीक्षालय में जा घुसा था, जिसमें छह लोग घायल हो गए थे। यह घटना इस मार्ग की खतरनाक स्थिति का स्पष्ट प्रमाण है। उनका कहना है कि छात्रों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन की यह उदासीनता बेहद चिंताजनक है।

#### सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम की मांग

NSUI लगातार तहसील और जिला प्रशासन से सड़क सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग कर रहा है। छात्र नेताओं ने बताया कि लगभग 15 दिवस पूर्व भी छात्र संगठन ने इसी मांग को लेकर धरना प्रदर्शन किया था। उस समय प्रशासन की ओर से एक सप्ताह के भीतर ब्रेकर निर्माण का आश्वासन दिया गया था लेकिन आज तक किसी भी प्रकार के सुरक्षा के इंतेजामत नहीं किए गए हैं। प्रशासन द्वारा अपने ही आश्वासन को हवा में उड़ा देने से छात्रों में भारी रोष है। छात्र नेता सौरभ शुक्ला ने कहा कि जब तक ब्रेकर नहीं बनता, छात्रों की जान को खतरा बना रहेगा, और प्रशासन इस खतरे को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

#### फिर मिला आश्वासन

प्रशासन की वादाखिलाफी से आहत होकर, छात्र हित और समाज हित में छात्र संगठन ने सोमवार को फिर से महाविद्यालय परिसर के सामने धरना शुरू किया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने मांग की कि प्रशासन तत्काल प्रभाव से स्पीड ब्रेकर का निर्माण करे। करीब तीन घंटे तक चले इस दबाव भरे प्रदर्शन के बाद, आखिरकार प्रशासन की ओर से छात्र संगठन को दो दिवस के भीतर ब्रेकर बनाए जाने का आश्वासन दिया गया। प्रशासन के इस नए आश्वासन के बाद, छात्रों ने अपने धरने को समाप्त कर दिया। छात्र नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि इस बार भी प्रशासन अपने वादे पर खरा नहीं उतरा, तो अगला आंदोलन और भी उग्र होगा।

---

# माधवनगर स्टेशन में ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सदगुरू बाबा नारायण शाह जी व सदगुरू बाबा माधव शाह जी के बरसी मेले पर्व पर माधव नगर स्टेशन पर करीब 15 एक्सप्रेस ट्रेनों को स्टॉपेज हेतु सांसद वीडी शर्मा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को पत्र लिखा है। खजुराहो कटनी सांसद वी.डी. शर्मा ने पत्र में लिखा कि सदगुरू बाबा नारायण शाह जी एवं सदगुरू बाबा माधव शाह जी के बरसी पर्व और के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 8 अक्टूबर से 11 अक्टूबर 2025 तक माधवनगर हॉल्ट स्टेशन पर प्रमुख 15 एक्सप्रेस ट्रेनों का अस्थायी ठहराव दिया जाए।

सांसद ने कहा कि माधवनगर में आयोजित यह पावन पर्व प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के श्रद्धालुओं की आस्था से जुड़ा है। हर साल हजारों की संख्या में श्रद्धालु बाबा के दरबार में पहुंचते हैं। ऐसे में ट्रेनों का माधव नगर स्टेशन पर ठहराव जरूरी है ताकि श्रद्धालु सीधे आयोजन स्थल के नजदीक उतर सकें।

सांसद द्वारा जिन ट्रेनों के ठहराव की मांग की गई उनमें जबलपुर–जयपुर / जयपुर–जबलपुर (दयोदय एक्सप्रेस) इंदौर–बिलासपुर / बिलासपुर–इंदौर (नर्मदा एक्सप्रेस) जबलपुर–लखनऊ / लखनऊ–जबलपुर (चित्रकूट एक्सप्रेस) / जबलपुर-ह निजामुद्दीन/ ह.निजामुद्दीन–जबलपुर (महाकोशल एक्सप्रेस) इटारसी–भोपाल / भोपाल–इटारसी (विंध्याचल एक्सप्रेस) रीवा–जबलपुर/जबलपुर–रीवा(इंटरसिटी एक्सप्रेस) सिंगरौली–जबलपुर / जबलपुर–सिंगरौली (इंटरसिटी एक्सप्रेस) अम्बिकापुर–जबलपुर / जबलपुर–अम्बिकापुर (इंटरसिटी एक्सप्रेस) आगरा–जबलपुर / जबलपुर–आगरा (शक्तिपुंज एक्सप्रेस) दुर्ग–भोपाल / भोपाल–दुर्ग (अमरकंटक एक्सप्रेस) रीवा–इतवारी / इतवारी–रीवा (इतवारी एक्सप्रेस) रीवा–इतवारी / इतवारी–रीवा (इतवारी एक्सप्रेस) कुर्ला–पटना / पटना–कुर्ला (जनता एक्सप्रेस) इटारसी–छिवकी / छिवकी–इटारसी (छिवकी पैसेंजर) शहडोल–नागपुर / नागपुर–शहडोल (नागपुर एक्सप्रेस) शामिल हैं।

सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि सदगुरू बाबा नारायण शाह और सदगुरू बाबा माधव शाह का बरसी पर्व श्रद्धा और आस्था का संगम है। लाखों श्रद्धालु इस आयोजन में आते हैं, इसलिए रेलवे प्रशासन से अपेक्षा है कि वह सभी ट्रेनों को माधव नगर स्टेशन पर ट्रेनों ठहराव का निर्णय ले।

---

*एड ऑन कोर्स का किया गया समापन, 45 विद्यार्थियों की रही सहभागिता*

# कोर्स ने विद्यार्थियों में आलोचनात्मक दृष्टि और सृजनात्मक सोच का विकास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

पी.एम.सी.ओ.ई शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के हिंदी विभाग द्वारा संचालित एड-ऑन कोर्स का समापन किया गया। यह कोर्स पिछले एक महीने से नियमित रूप से चल रहा था और अपने मॉड्यूल में सभी विद्यार्थियों के लिए खुला था। कुल 45 विद्यार्थियों ने इस कोर्स में सहभागिता करते हुए ज्ञान लाभ प्राप्त किया। कला संकाय के कक्ष संख्या 44 में आयोजित समापन कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई ने की।



प्राचार्य डॉ. वाजपेई ने अपने संबोधन में कहा कि "एड-ऑन कोर्स विद्यार्थियों को पारंपरिक शिक्षा से आगे बढ़कर व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं। ऐसे कोर्स शैक्षणिक गुणवत्ता को बढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता और रोजगारोन्मुख दृष्टि विकसित करते हैं। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. माधुरी गर्ग ने कहा कि "इस कोर्स के माध्यम से विद्यार्थियों ने भाषा, लेखन और संप्रेषण कौशल को निखारा है। यह पहल विद्यार्थियों को आत्मविश्वास और रचनात्मकता की दिशा में आगे बढ़ाती है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. प्रतिमा त्रिपाठी ने कहा कि "विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी इस कोर्स की सफलता का सबसे बड़ा प्रमाण है। डॉ. अतुल कुमार ने अपने वक्तव्य में कहा कि "एड-ऑन कोर्स जैसे नवाचार कार्यक्रम विद्यार्थियों को समकालीन साहित्यिक और सामाजिक परिवेश से जोड़ते हैं। डॉ. विजय कुमार ने कहा कि इस कोर्स ने विद्यार्थियों में आलोचनात्मक दृष्टि और सृजनात्मक सोच का विकास किया है, जो उनके करियर निर्माण में सहायक सिद्ध होगा।

कार्यक्रम के दौरान एड-ऑन कोर्स से लाभान्वित विद्यार्थियों शिवानंद, दीपक, प्रीति और प्रभात ने भी अपने अनुभव साझा किए। विद्यार्थियों ने कहा कि इस कोर्स ने हमें हिंदी भाषा और साहित्य की नई दिशाओं से अवगत कराया तथा रोजगार की संभावनाओं को समझने का अवसर दिया। समापन अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुनील कुमार वाजपेई ने सभी उपस्थित प्राध्यापकों, विद्यार्थियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे उपयोगी और रोजगार परक कोर्स आयोजित करने की घोषणा की।

---

## विद्यार्थियों को प्रतिभा निखारने मिलेगा सुनहरा अवसर



शासकीय महाविद्यालयो में एक बार फिर से युवा उत्सव को लेकर धूम मचेगी। युवा उत्सव के रूप मे छात्र-छात्राये अपनी प्रतिभा ओर हुनर को दिखाएंगे। उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा आयोजन को कैलेंडर भी जारी कर दिया गया गया। विभागीय आदेशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय मैं सोमवार को महाविद्यालय प्रबंधन ने बैठक आयोजित की जिसमे युवा उत्सव को लेकर छात्र-छात्राओं को जानकारियां दी। प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया की महाविद्यालयीन युवा उत्सव 8,9 व 10 अक्टूबर को आयोजित होगा ।जिसमें 22 विधाएं होंगी। बैठक में युवा उत्सव कार्यक्रम के सभी स्तरों की रूपरेखा एवं विधाओं के आयोजन के संबंध में चर्चा की गई। महाविद्यालय स्तरीय प्रतियोगिताओ मैं अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी जिला स्तरीय युवा उत्सव मैं भाग लेंगे। जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं 27,29 व 29 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी ।बैठक में प्रतिवाद समिति का गठन भी किया गया। प्रतियोगिताओं के लिए विभिन्न विषयों के शीर्षक जागरूकता की थीम पर रखे जाने का निर्णय आम सहमति से लिया गया। विभिन्न विधाओं के लिए निर्णायकों के पैनल का गठन भी किया गया। इस दौरान डॉ किरण खरादी,डॉ शैलेन्द्र जाट,डॉ प्रीत नेगी,डॉ प्रीति यादव,डॉ भारती यादव अंजना पांडेय सहित महाविद्यालय स्टॉफ व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

---

# एक युवक सहित चार नाबालिगों के पास से पुलिस ने जब्त किये बटनदार चाकू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला पुलिस ने चार नाबालिग बालको तथा एक अन्य अंकित उर्फ नीलेश यादव 18 वर्ष 4 माह निवासी पन्ना मोड़ थाना कुठला के कब्जे से बटनदार चाकू जप्त कर आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही की है। थाना प्रभारी कुठला ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों, ऑर्डर हिस्ट्री एवं डिलीवरी पर विशेष ध्यान दें। कानूनी पक्ष और जोखिम यह है कि ऐसे हथियारों का सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शन या उपयोग, शस्त्र अधिनियम और भारतीय न्याय संहिता के तहत दण्डनीय अपराध की श्रेणी में आता है। छोटे-छोटे विवाद या मज़ाक के दौरान इनका उपयोग गम्भीर हादसों या अपराधों का कारण बन रहा है। "बच्चों की जिज्ञासा स्वाभाविक है, लेकिन अभिभावकों का यह दायित्व है कि वे बच्चों को सही दिशा दें। ऑनलाइन खरीदारी और सोशल मीडिया उपयोग पर निगरानी रखना समय की आवश्यकता है।" पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों सहित जन समान्य के बीच जन-जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है। इस अभियान के अंतर्गत पुलिस अधिकारी विद्यार्थियों को ऑनलाइन सुरक्षा, अनुशासन, साइबर अपराध और हथियारों के दुरुपयोग से होने वाले परिणामों के बारे में जानकारी देते हैं साथ ही अभिभावकों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों की समय-समय पर समीक्षा करें और किसी भी संदिग्ध व्यवहार पर तुरंत निवारक कार्यावही करें। साथ ही थाना प्रभारी कुठला ने संदेश दिया कि "बच्चे देश का भविष्य हैं, उन्हें सही दिशा देना हम सबकी जिम्मेदारी है। छोटी लापरवाही बड़े अपराध में न बदल जाए — इसके लिए समाज, अभिभावक और पुलिस सभी को मिलकर प्रयास करना होगा।"

कार्यवाही मे निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक तीरथ तेकाम, रवि शुक्ला, प्रधान आरक्षक रामेश्वर, अजय यादव, राहुल सिंह, आरक्षक सतेन्द्र, बालकृष्ण एवं अन्य स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

---

*सोलर रोशनी से रात के समय में भी दिन के उजाले का अहसास*

# सौर ऊर्जा से रोशन हुआ पर्यटन ग्राम कोनिया, होम स्टे का हो रहा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के विकासखंड विजयराघवगढ़ के पर्यटन ग्राम कोनिया की गलियां एलईडी लाइटों और हाई मास्ट सौर ऊर्जा की दूधिया रोशनी की जगमगाहट से रोशन हो रहीं हैं। सिग्निफाई इनोवेशन इंडिया लिमिटेड के कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व प्रावधान और मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की साझेदारी में शुरू की गई 'हर गांव रोशन' पहल से कटनी जिले का कोनिया पर्यटन-प्रधान गांव अब यहां लगी सोलर रोशनी की वजह से रात में भी दिन के उजाले सा एहसास दे रहा है। यहां एनर्जी-एफिशिएंट लाइटिंग सिस्टम्स लगाया गया है। जो टूरिस्ट के लिए सुरक्षित और आकर्षक



अनुभव को सुनिश्चित करते हैं।सोलर लाइट्स की वजह से पर्यटकों को रात में गांव की सैर करना सुरक्षित और खूबसूरत अनुभव प्रदान करेगा।

कोनिया में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की भागीदारी से मानव जीवन विकास समिति बिजौरी के सहयोग से यहां प्राकृतिक ग्रामीण परिवेश के बीच शानदार होम स्टे बनाया गया है। वाण सागर बांध की अथाह जल राशि और प्रकृति के नयनाभिराम मनमोहक दृश्यों से समृद्ध कोनिया गांव एक प्रकार से बांधवगढ़ नेशनल पार्क के बफर जोन में आता है और यहां आने वाले पर्यटकों का मन बरबस ही मोह लेता है। पर्यावरणविद् एवं सचिव मानव जीवन विकास समिति निर्भय सिंह बताते हैं कि कोनिया के पर्यटन होम स्टे में अब तक कई देशी और विदेशी पर्यटक रूक कर ग्राम्यांचल के खान-पान,रहन -सहन को करीब से देख कर खासे प्रभावित हुए हैं। निर्भय सिंह के मुताबिक मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की यह पहल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ ही टूरिस्ट को प्रामाणिकता देता है और इसे इकोफ्रेंडली एक्सपीरियंस प्रदान करता है।

कोनिया ,ग्राम पंचायत तिमुआ का पोषक ग्राम है, यहां के सरपंच श्री तीरथ पटेल बताते हैं कि कोनिया में 38 एल ई डी लाइट्स लगीं हैं। होमस्टे हर गांव रोशन योजना के अंतर्गत कोनिया में बने होम स्टे में ठहर कर ,जहां टूरिस्ट स्थानीय परिवारों के साथ रहकर उनकी कला और संस्कृति को करीब से जान सकते हैं। यहां कोनिया में टूरिस्ट स्थानीय खान-पान, हस्तशिल्प और पारंपरिक नृत्य-संगीत का लुत्फ भी उठा सकते हैं।

#### यहां बन रहे होम स्टे

कोनिया गांव में दो और होम स्टे निर्माणाधीन है। जबकि जमुनिया में 3 और खितौली में भी होम स्टे निर्माण का कार्य प्रगति पर है।

---

### कलेक्टर ने कहा किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए करें प्रोत्साहित

# जिले में सरसों और अश्वगंधा की फसल का रकवा बढ़ाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री तिवारी कृषि विभाग एवं कृषि से सम्बन्धित विभागों की बैठक में द्वारा कृषि आदान सामग्री खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण तथा आगामी रबी सीजन में बीज एवं उर्वरकों की उपलब्धता एवं भंडारण, वितरण तथा अन्य योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे।इस दौरान जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जिले में नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग के अंतर्गत जिले के विभिन्न विकासखण्डों में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए।जिस पर उप संचालक कृषि ने बताया कि करीब 3 हजार 125 एकड़ में चयनित क्लस्टर में प्राकृतिक खेती की जाएगी। कलेक्टर ने कृषकों को प्राकृतिक खेती की जानकारी एवं प्रचार -प्रसार ग्राम में किया जाए एवं प्राप्त मार्गदर्शी निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय निगरानी समिति का गठन एवं प्राकृतिक खेती के क्लस्टर में कृषि चयनित कृषि सखी का अनुमोदन किया जाय।

कलेक्टर श्री तिवारी ने रबी में सरसों फसल का रकबा एवं उत्पादन को बढ़ाने के निर्देश दिया। इसके लिए कृषकों को सरसों बीज का सीडड्रिल से बोनी करवाने हेतु सलाह देने एवं अधिक से अधिक कृषकों द्वारा सरसों की कतार में बोनी करवाने हेतु कहा गया। कृषकों से वैज्ञानिक पद्धति से खेती करवाने हेतु सरसों के अच्छे प्रदर्शन आयोजित किए जाने हेतु कलेक्टर ने निर्देशित किया। साथ ही चना एवं मसूर के साथ सरसों की अंतर्वर्ती खेती को बढ़ावा देने और नवाचार के तहत जिले में औषधीय प्रजाति के अश्वगंधा की खेती के रकवे को बढ़ाने के निर्देश दिए।

नरवाई,फसल अवशेषों के प्रबंधन हेतु कलेक्टर श्री तिवारी ने हैप्पीसीडर एवं सुपरसीडर से बोनी हेतु कृषकों का अधिक से अधिक चुनाव कर उनके खेतों में सीधी बोनी कराया जाए यह निर्देश भी दिया गया ताकि नरवाई जलाने की घटना को नियंत्रित किया जा सके। कृषकों द्वारा स्प्रिंकलर सेट का अधिक से अधिक पंजीयन कराए जाने हेतु भी निर्देश दिए गए।

प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारिकीकरण योजनान्तर्गत अधिक से अधिक प्रकरण भेजे जाय और बैंकों मे लंबित प्रकरणों की समीक्षा हेतु डी एल सी सी की बैठक में प्रस्तुत किया जाय। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान मत्स्य विभाग को किसान क्रेडिट कार्ड के अधिक से अधिक प्रकरण जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक में प्रस्तुत करने और सहकारी बैंक को प्रकरण स्वीकृत और वितरण कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिले के 100 हेक्टेयर से अधिक जलक्षेत्र के जलाशयों मे अधिक मत्स्य उत्पादन हेतु मत्स्य समितियों को प्रोत्साहित कर केज स्थापना के पूर्ण प्रयास करने निर्देश दिए।

पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में सांची दुग्ध संघ की 16 समितियां कार्यरत हैं जिनमें 600 लीटर दूध का कलेक्शन किया जा रहा है। सेक्स सॉर्टेड सीमेन से कृत्रिम गर्भाधान के द्वारा क्षेत्र के दुधारू पशुओं से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिये लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। अब तक 696 सेक्स सॉर्टेड सीमेन से गर्भाधान किए जाने और 10 हजार 275 कृत्रिम गर्भाधान किए जाने की जानकारी दी गई।

डॉ सोनी ने बताया कि पशुपालकों के लिए घर पहुंच पशु उपचार सेवा पशुधन संजीवनी 1962 जिले के सभी विकास खंड में मात्र रुपए 150 रूपए में सेवा प्रदान की जा रही हैं।

दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की महत्वाकांक्षी योजना डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना अंतर्गत 10 के विरुद्ध 21 ऑनलाइन आवेदन में राज्य स्तरीय छानबीन समिति द्वारा दो प्रकरण स्वीकृत किए गए हैं एवं 9आवेदन छानबीन समिति के विचाराधीन है। मुख्यमंत्री डेयरी प्लस योजना पर 25 के लक्ष्यों की पूर्ति में कल 6 स्वीकृत होने और आचार्य विद्यासागर डेरी इकाई के लक्ष्य 12 के विरुद्ध 21 आवेदन बैंक में विचाराधीन होना बताया गया। कलेक्टर श्री तिवारी ने उपरोक्त सभी योजनाओं के लक्ष्य अक्टूबर माह में ही पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए।दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की भी समीक्षा की गई।

---



# कई बच्चों की मौत पर ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद

इंडिया विथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मंगल सिंह द्वारा प्रदेश में हुई बच्चों की मौत के संबंध में SDM को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाए और सभी कंपनियों को सील किया जाए इनसे संबंधित जितने भी लोग हैं उन सभी को ऊपर कठोर से कठोर सजा दी जाए। जिन नवजात बच्चों की मृत्यु हुई है उनके परिवार को उचित सहायता राशि दी जाए व उनके परिजनों को शासकीय नौकरी दी जाए।

ज्ञापन सौंपने के दौरान में इंडिया विथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मंगल सिंह, सोशल मीडिया प्रदेश अध्यक्ष उदय भारत सिंह प्रदेश संगठन मंत्री, बृजेश कुमार मौर्य प्रदेश महामंत्री नारायण प्रसाद तिवारी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश सकतेंल, मुन्ना भाई जान, हिमांशु कपिल विश्वकर्मा, बृजेश यादव गौरीगंज विधानसभा प्रभारी जितेंद्र सिंह, सोशल मीडिया अध्यक्ष मंजीत सिंह, प्रदेश सचिव दिग्विजय सिंह आदि की उपस्थिति रही।

## खबर संक्षेप

### 40 वर्षीय युवक मृत अवस्था में गहदरा पुलिया पर मिला, मर्ग कायम, जांच प्रारंभ

**अमानगंज।** फरियादी बाबू लाल आदिवासी पिता चन्ना आदिवासी उम्र 45 निवासी गहदरा ने बताया कि मेरा भतीजा मृतक रामप्यारे आदिवासी पिता नोने लाल आदिवासी उम्र 40 निवासी गहदरा वन विभाग में चौकीदारी का काम करता था दिनांक 5 अक्टूबर को घर से चौकीदारी के लिए निकला जब 6 अक्टूबर की सुबह तक घर नहीं लौटा तो तलाश किया तो गहदरा की पुलिया पास मृत अवस्था में मिला। फरियादी की सूचना पर अमानगंज थाना पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच प्रारम्भ कर दी।

### रेडियो पर गूंजा वन्य प्राणी संरक्षण का संदेश

**सलेहा।** आकाशवाणी छतरपुर से प्रसारित कवि गोष्ठी 'रसावतरण' में वन मंडल दक्षिण पन्ना के बहुमुखी प्रतिभा के धनी वन परिक्षेत्र अधिकारी नीतेश पटेल ने भाग लिया। उन्होंने 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक चल रहे वन्यप्राणी संरक्षण सप्ताह के अवसर पर वन्य प्राणियों के प्रति जागरूकता और सहअस्तित्व अपनाने की अपील की।

### नाले में मिला युवक का शव, परिजनों ने जताई डूबने की आशंका

**शाहनगर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरी हार के पास स्थित नाले में ममता कॉलोनी निवासी विष्णु कोल पिता गोविंद कोल का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। शव मिलने की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, परिजनों और स्थानीय लोगों का कहना है कि यह हादसा पानी में डूबने से हुआ है।

### भावांतर योजना में 17 अक्टूबर तक होंगे पंजीयन

**पन्ना।** सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की गई भावांतर योजना में किसान पोर्टल पर अपना पंजीयन आगामी 17 अक्टूबर तक करा सकते हैं। भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व सौंपा गया है। सोयाबीन का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं कि सोयाबीन उत्पादक किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलवाने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें और हितग्राही को सीधा लाभ मिलना चाहिए।

### जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का बढ़ाया मनोबल

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष पर प्रभावी पथ संचलन निकला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

उपकाशी नगरी हटा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर इस बार दशहरा पर्व सोमवार को नगर की मुख्य सड़कों पर प्रभावी व विशाल पथ संचलन निकाला गया। जिसमें हजारों की संख्या में स्वयंसेवक अनुशासन बद्ध होकर कदमताल करते हुए घोषवादन और भगवा ध्वज के साथ नगर की सड़कों पर निकले। जिसके चलते ऐसा लग रहा था कि पूरी उपकाशी नगरी संघ मय हो गयी हो। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा हर वर्ष दशहरा पर्व पर पथ संचलन निकाला जाता है लेकिन इस बार राष्ट्रीय संचलन में हजारों की संख्या में संघ के नए व पुराने सभी स्वयंसेवकों द्वारा भाग लिया गया। जिसके लिए कई दिनों पूर्व से ही घर-घर जाकर स्वयंसेवक निमंत्रण दे रहे थे। सोमवार को नगर में निकले पथ संचलन को देखने के लिए बड़ी संख्या में नागरिकों, महिलाएं व बच्चे सड़कों पर जुटे थे। पथ संचलन मार्ग पर जहां नागरिकों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का मनोबल बढ़ाया।



कार्यक्रम का शुभारंभ नगर के पीएम श्री एमएलबी विद्यालय परिसर में शाम 4 बजे स्वयं सेवकों का एकत्रीकरण हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया इसके बाद अतिथि को मंच पर परिचय किया गया जिसमें हटा के खण्ड संचालक दयाराम अहिरवार, मुख्य अतिथि माखन लाल नेमा सेवा निवृत्त एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वप्निल कुलकर्णी क्षेत्र प्रचारक मध्यप्रदेश रहे। श्री कुलकर्णी ने संघ के 100 वर्ष के सफल पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि समाज को एक साथ लाकर ,समाज के बीच विश्वास लेकर हमें आगे बढ़ना है, इस शाताब्दी वर्ष में प्रत्येक स्वयं सेवक को पांच बातों का संकल्प लेना अतिआवश्यक है जिसमें, सर्वप्रथम हमें अपने क्षेत्र के हर कोने में शाखा लगनी होगी, दूसरा व्यक्तिगत सामाजिक समरसता का परिपालन, तीसरा अपनी मातृभूमि को बंजर होने से बचाना संरक्षण करना,भूमि को बचाना, चौथा मेरा घर स्वदेशी का आचरण करें, एवं पांचवां अंतिम संकल्प है भारत के बनाए गए नियमों कानून का पालन करना उक्त संकल्प के साथ संघ से जुड़े सब स्वयंसेवकों को आगे बढ़ना है। उन्होंने भारत की गौरवशाली अतीत परंपरा का भी वर्णन किया। समाज को एकजुटता में रहने और युवाओं का आह्वान करते हुए उन्हें संगठित रहने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन में नगर के एमएलबी स्कूल से पथ संचलन का शुभारंभ हुआ जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः एमएलबी स्कूल में समापन हुआ। पर संचलन में बड़ी संख्या में स्वयं सेवकों की उपस्थिति रही।

सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रशासन और पुलिस ने पूर्ण तैयारी की थी। पुलिस ने संघ पदाधिकारियों के साथ पहले रूट का निरीक्षण किया था। संचलन के दौरान चिन्हित मागों से वाहनों का आवागमन पूरी तरह रोका गया जिन्हें पर संचलन के बाद छोड़ा गया।

### कन्या उमा विद्यालय तेंदूखेड़ा में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर मिला सम्मान

# मेधावी छात्रा को मिली इलेक्ट्रिक स्कूटी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

सोमवार को नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की मेधावी छात्रा काजल यादव को 12वीं बोर्ड परीक्षा में 88 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल करने पर राज्य शासन की ₹मेधावी छात्र योजना₹ के अंतर्गत इलेक्ट्रिक स्कूटी प्रदान की गई। यह योजना राज्य सरकार द्वारा प्रतिभाशाली छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही है। विद्यालय परिसर में आयोजित एक सादे किन्तु गरिमामय समारोह में शिक्षकों द्वारा काजल को स्कूटी की चाबी सौंपी गई और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने काजल की इस उपलब्धि की सराहना की और इसे पूरे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण बताया। प्राचार्य परमलाल रैकवार ने अपने उद्बोधन में कहा कि ₹काजल यादव ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन से विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। उसकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक प्रेरणा बनेगी। काजल यादव ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं आत्मविश्वास को देते हुए कहा कि वह भविष्य में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ना चाहती हैं। इस अवसर पर,के एल चौकसे,जुगल शर्मा,चंद्रशेखर हजारी,सतीश खरे, गणेश प्रसाद अहिरवाल, गणेश सिंह दीपक विदौल्या विशेष रूप से उपस्थित थे।

## स्वच्छता संबंधी कार्यशाला का आयोजन 11 अक्टूबर को

**दमोह।** आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में जिले की सभी निकायों के उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं नगरीय क्षेत्रों मं। सफाई व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने हेतु सुझाव एवं सहभागिता के अंतर्गत एक कार्यशाला का आयोजन 11 अक्टूबर 2025 दिन शनिवार को प्रातः 10:30 बजे से शाम 04:30 बजे तक बेलाताल स्थित ऑडीटोरियम में आयोजित किया जा रहा हैं। इस सबंध में कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समस्त नगर पालिका अधिकारियों से कहा जिले के समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी अपनी निकाय के समस्त जनप्रतिनिधि, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, एवं पार्षदगणों को उक्त कार्यशाला में आमंत्रित किया जाये एवं स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित नोडल, सहायक नोडल एवं कम्प्यूटर ऑपरेटर के साथ उक्त कार्यशाला में अनिवार्यतः उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने बताया इस कार्यक्रम हेतु समन्वय अधिकारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिका परिषद दमोह राजेन्द्र सिंह ठाकुर रहेंगे।

## शिक्षक संघ ने सहभागिता की



**दमोह।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ का 9वाँ राष्ट्रीय अधिवेशन 5 से 7 अक्टूबर 2025 को केशव विद्यापीठ जामडोली, जयपुर राजस्थान में आयोजित हो रहा है। राष्ट्रीय अधिवेशन में दमोह जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के 07 पदाधिकारियों का समूह जयपुर पहुंचकर सहभागिता कर रहा है। इस राष्ट्रीय अधिवेशन में सम्पूर्ण भारत के प्रत्येक प्रदेश के संगठन से लगभग 3300 पदाधिकारियों एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो नारायण गुप्ता जी, राष्ट्रीय महामंत्री श्री महेंद्र कपूर जी, प्रांताध्यक्ष डॉ श्री क्षत्रवीर सिंह राठौर जी, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता जी की उपस्थिति में माननीय मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार श्रीमान भजन लाल शर्मा जी द्वारा ध्वजारोहण दीपप्रज्वलन के साथ अधिवेशन का शुभारंभ हुआ। माननीय मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्र निर्माण में गुरुजनों की मुख्य भूमिका का व्याख्यान करते हुए कहा कि राष्ट्रभक्ति ओर चरित्रवान समाज का निर्माण सिर्फ आप गुरुजनों के द्वारा ही संभव है। आप सभी राष्ट्रीय विचारधारा के संगठन में कार्य करने वाले पदाधिकारी है जो निरंतर इस दिशा में शिक्षकों को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय अधिवेशन में मध्यप्रदेश प्रांताध्यक्ष डॉ श्री क्षत्रवीर सिंह राठौर जी द्वारा शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान हेतु इन्हें राष्ट्रीय पटल पर रखा। जिनमें नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता देने, शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने, पुरानी पेंशन लागू करने एवं कैशलेश परिवार चिकित्सा कार्ड जारी करने को प्रमुखता से रख गया है। राष्ट्रीय अधिवेशन जयपुर में दमोह से प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार जैन, प्रांत सह आयाम प्रमुख संजय पाठक, संभागीय अध्यक्ष प्रमेंद्र जैन, जिलाध्यक्ष कमलेश सेन, जिला सह संगठन मंत्री पारस जैन, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती दीपमाला जैन एवं जिला कोषाध्यक्ष अरविंद चौराहा ने सहभागिता की।

## हर्षोल्लास से मनाई महाराजा दमघोष जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर में सोमवार को महाभारत काल के प्रतापी चेदि नरेश महाराजा दमघोष जी की जयंती बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाई गई। आयोजन की शुरुआत चौरई स्थित महाराजा दमघोष जी के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन एवं अर्चन के साथ हुई। इसके उपरांत एक भव्य रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के ग्रामों से भारी संख्या में समाजजन—बुजुर्ग, युवा एवं बच्चे शामिल हुए। रैली चौरई से आरंभ होकर तारादेही रोड, तारादेही तिराहा, बस स्टैंड, राम मंदिर मार्ग एवं खकरिया रोड से होती हुई आरुषि स्कूल परिसर में संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह जनप्रतिनिधियों द्वारा पुष्पवर्षा कर रैली में शामिल लोगों का स्वागत किया गया।

रैली उपरांत आरुषि स्कूल प्रांगण में एक भव्य सभा का आयोजन किया गया, जिसमें महाराजा दमघोष के ऐतिहासिक योगदान पर प्रकाश डाला गया। उल्लेखनीय है कि महाराजा दमघोष चेदि राज्य के प्रतापी नरेश थे, जो महाभारत काल में यदुवंश से संबंधित थे और




शिशुपाल के पिता थे। उनका विवाह भगवान श्रीकृष्ण की बुआ रानी श्रुतश्रवा से हुआ था। चेदि राज्य का ऐतिहासिक संबंध वर्तमान बुंदेलखंड क्षेत्र से माना जाता है। सभा में समाज के उन विद्यार्थियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया जिन्होंने नगर, जिला एवं प्रदेश स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर मंच से युवाओं को नशा मुक्ति का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व ऊर्जा राज्य मंत्री दशरथ सिंह लोधी रहे।

उनके साथ अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी भी मंचासीन रहे। आयोजन को सफल बनाने में पप्पू घोसी ठेकेदार, बबलू घोसी, ब्रजराज घोसी, शैलेंद्र सिंह घोसी, डॉ. राजकुमार घोसी, अमोल घोसी, अजय घोसी, ऋतिक घोसी, शरद घोसी, सरपंच सुरई, विपिन घोसी पार्षद प्रतिनिधि, हल्ले भाई घोसी पार्षद, शैलेंद्र सिंह सेल्समेन, मुकेश घोसी शिक्षक सहित तारादेही, सारसबगली, खकरिया, सुरई, जबेरा, बम्हौरी आदि ग्रामों से पधारे समाज के लोगों का उल्लेखनीय योगदान रहा। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का

## जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**दमोह।** भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत सोयाबीन उत्पादक किसानों को योजना के लाभ एवं प्रक्रियाओं की जानकारी देने हेतु किसान जागरूकता रैली को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचात अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस सबंध में उप-संचालक कृषि ने बताया रैली का उद्देश्य किसानों को भावांतर भुगतान योजना की विस्तृत जानकारी देना एवं उन्हें योजना में पंजीयन हेतु प्रेरित करना रहा। अधिकारियों द्वारा किसानों को बताया गया कि यह योजना किसानों को बाजार में उचित मूल्य न मिलने पर सरकार द्वारा निर्धारित भावांतर राशि प्रदान करने हेतु चलाई जा रही है। रैली के दौरान जागरूकता बैनर, पोस्टर एवं प्रचार वाहन के माध्यम से किसानों को योजना की जानकारी दी जायेगी। इस अवसर पर कृषि विभाग उप संचालक जी.एल. अहिरवार, ए.डी.ओ. जे.एल. प्रजापति, आर.के. जैन, भरत यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारी-कर्मचारीगण, किसान बंधु मौजूद रहे।

## अमतारा बना मिसाल ग्रामीणों ने एकजुट होकर किया शराब से तौबा, गूढ़ा पंचायत में नशामुक्ति की नई पहल



**बनवार।** नशे के खिलाफ शुरू हुआ जनजागरण अब गांव की नई पहचान बन गया है। जनपद पंचायत जबेरा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गूढ़ा के गांव अमतारा ने ग्रामीणों की एकजुटता और दृढ़ संकल्प के बल पर खुद को शराबमुक्त ग्राम घोषित किया है। इस ऐतिहासिक कदम के पीछे भगवती मानव कल्याण संगठन के कार्यकर्ताओं और सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। संगठन ने गांव-गांव जाकर नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी और लोगों में जागरूकता का अलख जगाया। अंततः ग्रामीणों की सर्वसम्मति से शराब छोड़ो, समाज जोड़ो" का नारा पूरे क्षेत्र में गूंज उठा। इस अवसर पर ग्राम पंचायत गूढ़ा के सरपंच आनंद सिंह लोधी, सचिव वीरेंद्र सिंह, जनप्रतिनिधि विश्वनाथ सिंह, नारायण सिंह, देवी सिंह, विनोद सिंह, शोभा सिंह, गुलाब सिंह, श्रीमती रश्मि, और डॉ. सुजान सिंह लोधी (जनपद उपाध्यक्ष) सहित भगवती मानव कल्याण संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया —अब हमारे गांव में न शराब बिकेगी, न पी जाएगी।गांव अमतारा की यह पहल अब पूरे क्षेत्र में नशामुक्ति अभियान की प्रेरक मिसाल बन रही है। ग्रामीणों का कहना है — यह केवल एक निर्णय नहीं, बल्कि एक नई सोच की शुरुआत है,जहां नशा खत्म, वहीं विकास की शुरुआत।

## जैन मिलन की क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक 12 को



**दमोह।** जैन मिलन क्षेत्र क्र 10 की क्षेत्रीय कार्यकारणी की द्वितीय बैठक अतिशय क्षेत्र आदिश्वर गिरी नोहटा दमोह, जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह के आतिथ्य में हो इसके लिये जैन पुत्री शाला भवन के हॉल में सभी वीर बंधुओं की उपस्थिति में आयोजित हुई। सर्व प्रथम शाखा वरिष्ठ वीर नेम कुमार, इंजीनियर आर के जैन नेम कुमार भिड़ा, के सी जैन, वीर आर के जैन, डॉ एल सी जैन सुनील जैन ,शाखा अध्यक्ष वीर संतोष जैन सभी वीर बंधुओं ने दीप दीपायन कर, महावीर प्रार्थना कर शाखा मंत्री ने पूर्व बैठक का वाचन एवं संक्षिप्त जानकारी देकर आज की बैठक की गई। शाखा वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष इंजी आर के जैन ने राष्ट्रीय अधिवेशन देहरादून में तीर्थ सुरक्षा एवं साधु साध्वी के विहार हेतु सुरक्षा पर कुछ दिशा निर्देश, एवं लिये गए निर्णयों को विस्तृत रूप से बताया। 12/10/2025 को क्षेत्रीय कार्यकारिणी की बैठक हेतु शाखा के समस्त सदस्यों को संपूर्ण जिम्मेदारी हेतु व्यवस्थित कार्य विभाजन किया गया। जिसमे सभी सदस्यों ने मिलकर अपनी अपनी जिम्मेदारी, मिलन भावनाओं के साथ पूर्ण करने का आश्वासन दिया। क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन एवं हमारे अतिशय क्षेत्र आदिश्वर गिरी नोहटा के पदाधिकारीयों तथा महान अतिशय कारी आदिनाथ भगवान के चरणों में जैन मिलन वरिष्ठ शाखा दमोह, क्षेत्र क्र 10 की समस्त शाखाओं के पदाधिकारीयों को आमंत्रित कर, आप सभी का स्वागत वंदन करने तैयार है।

बैठक में राष्ट्र हित धार्मिक, सामाजिक, पर्यावरण एवं तीर्थ सुरक्षा आदि विषयों पर कार्य क्रम बनाने पर चर्चा एक सामान्य वर्क-शॉप होगी। उपरोक्त सभी बिन्दुओं पर विचार करते हुए कार्य क्रम को सफल बनाने हेतु सभी ने सहमति दी। अंत में वीर भरत जैन द्वारा बैठक में उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट कर अरिहंत वंदना के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

# रविदासिया संगठन ने किया युवा सम्मान समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

शहर के डॉ. भीमराव अम्बेडकर मंगल भवन दमोह युवा अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन दमोह के युवा जिला अध्यक्ष मोहनीश राव के तत्वावधान में युवा सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के युवाओं को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश धार्माचार्य संत रामदयाल शास्त्री जी एवं मुख्य अतिथि विकांत मनसूरे जी ने संत शिरोमाणी गुरु रविदास जी एंव डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर तत्पश्चात संगठन के पदाधिकारियों ने अतिथियों का शाल एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया। धर्माचार्य रामदयाल शास्त्री ने अपने उदबोधन में संत रविदास जी के जीवन दर्शन और उनके मानवता समानता एवं भाईचारे का संदेश पर प्रकाश डाला कार्यक्रम में पधारे विशिष्ट अतिथि सुनील आनन्द जी, रामेश्वर चौधरी जी, हेमराज पार्षदजी कोमल जी, गंगाराम, अशोक, जुगेन्द्र चौधरी, के पी. अहिरवार, संगठन के पदाधिकारी धर्मेश, संदीप, रविन्द्र, हर्वेन्द्र, सुभाम, प्रमेन्द्र, प्रदीप, श्रीराम, विजय, अशोक, नीलेश, अशीष, धर्मेन्द्र, संजय, हेमन्त, अरविन्द्र, नरेन्द्र, धीरज, मनोहर, सुबौद्ध, राजेन्द्र, अजय, सुनील, महेन्द्र शाशीकांत सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु एवं संगठन के सदस्यों की उपस्थिति रही समारोह के अंत में सभ उपस्थित जनों ने जय भीम जय भारत जय गुरूदेव के नारो के साथ बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर और संत रविदास जी के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आभार व्यक्त जिला अध्यक्ष मुकेश अहिरवार जी ने किया।

# कल्चुरी समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय राय का कोड़ल में हुआ आगमन



**तेंदूखेड़ा।** तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर दूर स्थित कोडल ग्राम में 1000 वर्ष प्राचीन कल्चुरी कालीन शिव मंदिर में कल्चुरी समाज के नव निर्वाचित जिला अध्यक्ष संजय सूखचैन राय का आगमन हुआ । उनके साथ कल्चुरी महासभा के दमोह नगर अध्यक्ष अभिषेक (गोलू) राय,जिला सचिव राजीव राय,समाज के प्रतिष्ठित बंटी राय शिव शक्ति बस के मालिक, धर्मेंद्र राय, सुरेंद्र राय शिक्षक भी शामिल थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम अध्यक्ष एवं उनकी टीम द्वारा भगवान भोलेनाथ का पूजन आरती की गई । तत्पश्चात ग्राम के सामाजिक लोगों ने अध्यक्ष एवं उनकी टीम का पुष्पहारों से स्वागत किया। अध्यक्ष संजय राय ने विगत वर्ष ग्राम में आयोजित सहस्त्रबाहु जयंती के सफल आयोजन पर सभी समाज का आभार माना । साथ ही इस वर्ष 28 अक्टूबर को दमोह में मनाई जाने वाली सहस्त्रबाहु जयंती का सामाजिक लोगों को आमंत्रण दिया । एवं स्वजातीय सकल समाज को पधारने का आग्रह किया । इस अवसर पर कल्चुरी महासभा के ब्लाक अध्यक्ष राजकुमार चौकसे पूर्व सरपंच, कोषाध्यक्ष मुरारी लाल चौकसे,सुंदर लाल चौकसे,कृपाराम चौकसे,के एल चौकसे शिक्षक, निर्मल चौकसे जनशिक्षक, वीरेंद्र राय, राधेश्याम चौकसे, हरिकेश चौकसे,अमन चौकसे, पंकज चौकसे, गोविंद राय, यशवंत चौकसे,द्वारका चौकसे, संदीप चौकसे, आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव राजीव राय ने किया एवं राजकुमार चौकसे ने आभार प्रकट किया ।

**खबर संक्षेप**

## कसाई मंडी में बनी अस्थाई चौकी, राकेश पाठक होंगे प्रभारी

**दमोह।** सिटी कोतवाली अंतर्गत कसाई मंडी क्षेत्र में अस्थाई रूप से पुलिस सहायता केंद्र कसाई मंडी स्थापित किए जाने आदेश दमोह पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया है। पुलिस सहायता केंद्र कसाई मंडी को नियमों अनुसार संचालित किया जाने हेतु थाना कोतवाली में पदस्थ नियमानुसार बल को अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक कार्य के लिए लगाया गया है। एएसआई राकेश पाठक को चौकी प्रभारी बनाया गया है। प्रधान आरक्षक घासीराम, अवधेश, आरक्षक जितेंद्र प्रजापति,योगेंद्र यादव, विक्रम राठौर, आशीष राठौर को पदस्थ किया गया है. जो आज दिनांक 7 अक्टूबर से पदस्थापना होगी। जो यहां पर तत्काल एफआईआर दर्ज और कार्रवाई की जाएगी।

## शरद पूर्णिमा पर खीर वितरण आज

**दमोह।** जैन पंचायत दमोह और श्री दिगंबर जैन धर्मार्थ औषधालय समिति द्वारा शरद पूर्णिमा के शुभ अवसर पर स्टेशन चौराहा के पास जैन भवन में विश्ववंदनीय प्रातः स्मरणीय संत शिरोमणि समाधिष्ठ आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महामुनिराज, आचार्य श्री 108 समयसागर जी मुनिराज एवं पूज्य श्री गणिनी प्रमुख 105 आर्यिका माँ ज्ञानमती माताजी के अवतरण दिवस पर खीर और वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम 7 अक्टूबर 2025 दिन मंगलवार को दोपहर 1 बजे से 5 बजे शाम तक जैन भवन स्टेशन चौराहा पर किया जाएगा। जैन पंचायत अध्यक्ष सुधीर सिंघई, महामंत्री पदम चंद जैन, श्री दिगम्बर जैन धर्मार्थ औषधालय कमेटी के अध्यक्ष मनोज जैन मीनू, महामंत्री सोनू नेता, कोषाध्यक्ष मनोज जैन मंटू, प्रचार मंत्री महेन्द्र जैन सोमखेड़ा, मुकेश ठेकेदार, रोहित जैन रिंकू, अंकुर सराफ, आशीष जैन ने सहयोग और सहभागिता करने की अपील की है।

## आज शासकीय अवकाश होने के कारण जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया 07 अक्टूबर 2025 (मंगलवार) को अवकाश के कारण जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई कार्यक्रम स्थगित रहेगा।

## परस्वाहा में धूमधाम से मनाया देवी विसर्जन

**बनवार।** जवेरा क्षेत्र की ग्राम पंचायत परस्वाहा में नव दुर्गा उत्सव समिति ने नवरात्र पर्व के अवसर पर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना कर दस दिनों तक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने माता रानी की भक्ति में लीन होकर पूजा-अर्चना की। नवरात्रि पर्व के तेरस रविवार को माता रानी का विसर्जन बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। इस अवसर पर भक्तों की भारी भीड़ मौजूद रही और आरती में शामिल होकर माता के दर्शन किए। विसर्जन के साथ ही समिति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोकगीत प्रस्तुतियाँ भी आयोजित की।

### पुलिस की सूचना पर खाद्य विभाग ने की कार्यवाही

# 1649 किलो खोवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



त्योहारों के सीजन में शहर में बड़ी मात्रा में नकली खोवा की आवक होती है जिसकी मीठाइयां तैयार कर लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। कोतवाली पुलिस खाद्य विभाग के साथ संदिग्ध खाद्य पदार्थ पर कार्यवाही करते हुये 1649.67 किलो नकली खोवा पकड़ा है। पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा आगामी त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य विभाग से संमन्वय स्थापित कर मिलावटी खाद्य पदार्थो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी तारतम्य में दिनांक 06.10.25 को पुलिस अधीक्षक दमोह के निर्देशन, श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह के मार्गदर्शन में निरीक्षक मनीष कुमार थाना प्रभारी कोतवाली के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस को मुखबिर सूचना मिली थी की टीकमगढ से दमोह आ रही वस क्र. एमपी 36 पी 0322 छत्रपाल बस सर्विस मे संदिग्ध खाद्य पदार्थ परिवहन कर ले जाया जा रहा है। कोतवाली पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए खाद्य विभाग की टीम को सूचना दी गयी जो खाद्य विभाग द्वारा 1649.67 किलोग्राम कीमती 4 लाख 12 हजार 418 रूपये का खाद्य पदार्थ जप्त किया गया। खाद्य विभाग द्वारा अग्रम कार्यवाही की जा रही है।

# मानव और ब्रह्मांड के बीच समरसता का प्रतीक शरद पूर्णिमा- श्री भगवान वेदांताचार्य



**दमोह।** शरद पूर्णिमा केवल धार्मिक या सांस्कृतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि वैदिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण मानी गई है। वेदों और शास्त्रों में इसे "शरदोत्सव" और "चन्द्रोत्सव" कहा गया है। यह दिन प्रकृति, चंद्रमा, ब्रह्मांडीय ऊर्जा और मानव स्वास्थ्य इन सबके बीच के संतुलन को दर्शाता है। चंद्र की पूर्णता उस की कला में है वेदों में कहा गया है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि को चंद्रमा सोलह कलाओं सहित पूर्ण होता है। ये सोलह कलाएं मानव जीवन के सोलह संस्कारों और मानसिक शक्तियों का प्रतीक हैं। इस रात्रि में चंद्रमा से निकलने वाली सौम्य किरणें शरीर और मन को शांति, शक्ति और स्वास्थ्य प्रदान करती हैं। जिसे अमृत वर्षा का रूप कहते है यह कथन श्री भगवान जी के साक्षात्कार में वैदिक वांग्मय के संदर्भ में प्राप्त हुआ जिसमें ऋग्वेद में चंद्रमा को सोम कहा गया है यह देवताओं का अमृत है। शरद पूर्णिमा की रात को चांदनी के माध्यम से यह सोम ऊर्जा पृथ्वी पर आती है। इसी कारण इस दिन खीर को चांदनी में रखकर सेवन करना अमृत सेवन के समान माना गया है। धनलक्ष्मी के लिए जागरण भी आवश्यक है वैदिक ग्रंथों में बताया गया है कि शरद पूर्णिमा की रात्रि को मां महालक्ष्मी पृथ्वी पर भ्रमण करती हैं और जो मानव जागरण, ध्यान और साधना में लीन रहते हैं, उन्हें धन, ऐश्वर्य और समृद्धि का आशीर्वाद देती हैं। योगशास्त्र और ब्राह्मण ग्रंथों में शरद पूर्णिमा को ध्यान, जप और ब्रह्म साधना के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन चंद्रमा और पृथ्वी की स्थितियाँ ऐसी होती हैं कि ध्यान और मंत्रों की शक्ति कई गुना बढ़ जाती है। जिसमें ऋतु परिवर्तन भी सहायक होती है वैदिक शास्त्रों में संकेत मिलता है जिसमें पवित्रता और स्पष्टता की ऋतु को शरद कहा गया है। शरद पूर्णिमा वर्षा से शीत ऋतु की ओर परिवर्तन का सूचक है। यह परिवर्तन शरीर और मन को शुद्ध करने और ऋतुचर्या अर्थात ऋतु के अनुसार जीवनशैलीको अपनाने का स्मरण कराता है। वैदिक दृष्टि से शरद पूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि प्रकृति, मनुष्य और ब्रह्मांड के बीच समरसता का प्रतीक है। यह हमें चंद्रमा की पूर्णता की तरह अपने जीवन में भी संपूर्णता, संतुलन और शुद्धता लाने की प्रेरणा देता है।

# साइबर क्राइम के कारण व बचने के उपाये बताये




**दमोह।** साइबर क्राइम कैसे होते हैं और इनसे बचने के उपाय विषय पर दमोह साइबर क्राइम ब्रांच की ओर से बताया गया कि हमारी लापरवाही लालच और पूरी जानकारी न होना ही इसके मुख्य कारण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सतर्कता पूर्वक उपयोग करें अब सिर्फ ओटीपी मांगने के अलावा भी कई प्रकार से हैकर आपका पैसा, गोपनियता और ब्लैकमेल जैसे काम करने लगे हैं। इन सबसे बचने के उपायों पर प्रकाश डाला। लायंस क्लब दमोह ने,मासिक बैठक में पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। अपनी शारीरिक क्षति के बावजूद, अपना कर्तव्य निभाते हुए, पुलिस बल का नाम ऊंचा करने वाले राजेंद्र मिश्रा बांदकपुर चौकी इंचार्ज, सौरभ टंडन और राकेश अठया (साइबर क्राइम ब्रांच) को उत्कृष्ठ सेवाओं के लिए सम्मानित किया। बैठक का आयोजन श्री राजेंद्र अग्रवाल ने किया। लायंस क्लब अध्यक्ष ला.सौरभ अग्रवाल, सचिव ला. डॉ.मनीष संगतानी और कोषाध्यक्ष ला. डॉ. हरिओम दुबे ने सभी को आभार व्यक्त किया।

# कलेक्टर समाधान में सात प्रकरणों की हुई सुनवाई, तीन का त्वरित निराकरण



### प्रसूति सहायता प्रकरण में आज ही 10,600 रुपए का हुआ भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर समाधान में 07 प्रकरण 07 विकासखंडों से लिए गए थे, इसमें से 03 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण हो गया, इन सभी को मौके पर ही सेवाएं मिल गई बाकी को भी सेवाएं आज या कल मिल जाएगी। उन्होने बताया इसमें एक प्रसूति सहायता का प्रकरण जबेरा क्षेत्र का था ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को आज ही सहायता 10600 रुपए का भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गये, इसमें हितग्राही की कोई गलती नहीं थी, तकनीकी त्रुटि के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा था।

इस संबंध में ब्लॉक मेडीकल ऑफीसर डॉ. राय ने बताया कि संबंधित हितग्राही को अपराह्न उक्त राशि का चेक दे दिया गया है। कलेक्टर समाधान में इसके अलावा जो दो शिकायत थी उनकी कार्यवाही भी तय समय ही कर ली गई है, दो शिकायतों को निराकरण के लिए राज्य स्तर पर भेजा गया है और 01 प्रकरण में आज ही जांच के लिए सहायक आयुक्त सहकारिता को भेजा गया है, इसमें खाद्य वितरण को लेकर 01 किसान की शिकायत थी, कोशिश की जायेगी उसका भी आज निराकरण हो जाए। ज्ञात हो कि कलेक्टर सुधीर कोचर प्रत्येक सप्ताह कलेक्टर समाधान में 07 शिकायतों को ले रहे है इन समस्याओं का इसी दिवस निराकरण कराये जाने का प्रयास किया जा रहा है।

# हस्ताक्षर अभियान को लेकर हुई जिला स्तरीय बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा चलायी जा रही वोट चोर गद्दी छोड़ की विशेष मुहिम को गति देते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जिस तरह का रवैया अपनाकर भाजपा सरकार वोट चोरी करके विधायको की खरीद फरोस्त करके सरकारे बना रही है उससे आमजन अपने आप को ठगा सा महसूस कर रही है। उसी तारतम्य में हम पंचायत वार्ड स्तर पर पहुंचकर हस्ताक्षर अभियान चला रहे है पूर्व विधायक अजय टंडन, प्रताप सिंह ने कहा कि पड़ोसी जिले में ही 500 आईडी से भरी पोटली तालाब में मिली जो इस बात का प्रतीक है कि राहुल जी की मुहिम कारगर साबित हो रही है। संजय चौरसिया, निधि श्रीवास्तव, वीरेन्द्र राजपूत, आशीष पटैल, ब्रजेन्द्र सिंह, प्रदीप खटीक, प्रदीप पटेल, परम यादव, तिलक सीग, गोविन्द तिवारी, रघुनाथ यादव, भूपेन्द्र आजवानी, बंसत कुशवाहा, पप्पू कसोटया, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, अजय जाटव, मुकेश रोहिताश, घनश्याम यादव, नन्दे चौरसिया, विजय बहादुर, डी.पी. पटैल, के.के. वर्मा, मदन सुमन, खिल्लू ठाकुर मानक अहिरवार, अनुज ठाकुर ने भी कहा कि हमें प्रत्येक पोलिंग बूथ पर सक्रिय दस सदस्य बनाना है जो निर्भीकता से भाजपा की कुरनीतियों का मुकालबा कर के एवं सोशल मीडिया पर अधिक सक्रिय रहना है। वीरेन्द्र चौबे, संजय सेठ, शमीम कुरैशी, लाखन ठाकुर, रत्नेश सोनी, अमर सिंह, रियाज खान भारतीय जनता पार्टी प्रत्येक मोर्च पर विफल हो चुकी है चुनाव के समय जितनी भी झूठी घोषणाये करके इन्होंने सरकार बनायी थी अब भाजपा सरकार ने लाड़ली बहना हो, खाधान्न पर्ची हो अथवा जितनी भी पेंशन हो सबके पोर्टल बंद कर दिये गये है। गरीब लोग कार्यालयों के चक्कर काट काट कर परेशान है।

# स्वास्थ्य मंत्री का पुतला फूंका



हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेसजनो ने अंबेडकर चौक के पास एकत्रित होकर प्रदेश की भाजपा सरकार की लचार स्वास्थ्य व्यवस्था के आये दिन मासूम बच्चो गर्भवती महिलाओ एवं नौजवानो की असमय मौतो को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने आक्रोशित होकर स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ला का पुतला फूकते हुए उनके अविलंब स्तीफे की मांग की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि जहरीली दवा सीरफ से 16 मासूम बच्चे की मौत सरकारी लापरवाही और दवा माफिया की मिली भगत से आज एक अपराध हुआ है इस भयानक घटना ने पूरे प्रदेश को झनझोर दिया है जिनके बच्चो की जान भ्रष्ट सिस्टम और दवाओ ने छीन ली है उन्हें जब तक न्याय नहीं मिलता कांग्रेस पार्टी चुप नहीं बैठेगी। पूर्व विधायक अजय टंडन पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि सरकार की यह घोर लापरवाही है औपचारिकता के तौर पर डॉक्टर को तो गिरफतार कर लिया किंतु दोनो वह व्यक्ति है जो बल्लभ भवन में बैठकर इस तरह की दवाई की सप्लाई का आदेश देते है। संजय चौरयि, सुषमा सिंह, कमला निषाद, राजेश तिवारी, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, लालचंद राय, परम यादव, प्रदीप पटेल, तिलक सींग, मंजीत यादव, अफजल खान, रोहन पाठक, अजय जाटव, दिनेश रैकवार, बबलू भट्ट, भपेन्द्र आजवानी, मुख्तार जाफरी, मुरसलीम कुरैशी, केके अग्रवाल, डालचंद कुशवाहा ने भी स्वास्थ्य मंत्री के दो दो पुतले फुंककर पुलिस को जमकर छकाया। इस अवसर पर नगर के समस्त पार्षद एवं ग्रामीण कांग्रेसजनों की उपस्थिति रहीं।

# बसपा ने अनिल मिश्रा पर एफआईआर करने ज्ञापन सौंपा



**दमोह।** बहुजन समाज पार्टी मध्य प्रदेश के आदेश अनुसार बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई दमोह द्वारा महामहिम राष्ट्रपति महोदय एवं डीजीपी मध्य प्रदेश को ज्ञापन दिया गया जिसमें बहुजन समाज पार्टी द्वारा मांग की गई की अनिल मिश्रा द्वारा आचरण न्यूज चैनल ग्वालियर पर लाइव के माध्यम से सोशल मीडिया पर एडवोकेट अनिल मिश्रा ने डॉ भीम राव अंबेडकर जी के विरुद्ध बहुत ही निंदनीय अमानवीय एवं भड़काऊ वक्तव्य देकर के देश के अंदर अराजकता एवं संप्रदायिकता का वातावरण निर्मित करने अनिल मिश्रा ने कहाँ डॉक्टर अंबेडकर को गंदा व्यक्ति, अंग्रेजों का गुलाम एवं संविधान निर्माता ना कहा जावे, ऐसा वक्तव्य दिया जो बहुत ही निंदनीय है अतः बहुजन समाज पार्टी जिला दमोह ने मांग की है कि अनिल मिश्रा के ऊपर राष्ट्र द्रोह एससी एसटी एक्ट एवं आईटी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर कठोर कार्यवाही की जाए जिससे भारत देश में डॉक्टर अंबेडकर करोड़ों दलित पिछड़े गरीब महिला एवं वंचित समाज के लिए मसीहा ही नहीं भगवान भी है. एडवोकेट अनिल मिश्रा के खिलाफ कठोर कार्यवाही हेतु बहुजन समाज पार्टी दमोह द्वारा ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन कार्यक्रम में मुख्य रूप ने बसपा जिला दमोह के जिला प्रभारी आसाराम चौधरी एवं दूसरे जिला प्रभारी कोमल अहिरवार की जिला अध्यक्ष इंजीनियर गोवर्धन राज, रवि शंकर अहिरवार जिला महासचिव विधानसभा प्रभारी चिंतामन जी, विधानसभा प्रभारी महाराज सिंह लोधी, अध्यक्ष भगवान दास जी दमोह से इंजी, प्रमोद दिनकर हरविंद्र बौद्ध अजय बौद्ध, रेवाराम ठक्कर चिंतामन पूर्व पार्षद, पूनम सोनी जी जोगेंद्र चौधरी जी, आशीष सारथी जी, मोहनीश राव, परशुराम अहि, सत्यम, चंद्रेश बाल्मीकि, प्रवेंद्र, प्रशांत आदि लोगों की उपस्थित रही साथ ही दमोह से पिछड़ा वर्ग के वीरेश सेन जी की उपस्थिति रहे।

## जिले में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान प्रारंभ

**दमोह।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किसानों की आय बढ़ाने और दुग्ध उत्पादन को दोगुना करने के लक्ष्य निर्धारित किया गया ,है जिसे पूरा करने के उद्देश्य से जिले में 2 अक्टूबर-2025 से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत प्रत्येक पशुपालक के घर-घर पहुंचकर पशुपालन से कैसे और अधिक लाभ लिया जाये जिससे उसकी आय में वृद्धि हो के संबंध में चर्चा की जा रही है। इस संबंध में पशुपालकों को तीन बिंदुओ के संबंध में बताया जा रहा है, जिसमें नस्ल सुधार, पशु आहार- साईलेज, हरा चारा के उपयोग कर लाभ, पशु स्वास्थ्य हेतु टीकाकरण एवं बीमारियों के बचाव से लाभ शामिल है।यह अभियान तीन चरणों में चलाया जायेगा । प्रथम चरण ऐसे पशुपालकों से चर्चा करनी है जिनके पास 10 या 10 से अधिक गौवंश/भैंसवंश मादा पशु उपलब्ध हैं। द्वितीय चरण ऐसे पशुपालकों से चर्चा करनी है जिनके पास 05 से 10 गौवंश/भैंसवंश मादा पशु उपलब्ध हैं। तृतीय चरण ऐसे पशुपालकों से चर्चा करनी है जिनके पास 01 से 05 गौवंश/भैंसवंश मादा पशु उपलब्ध हैं।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम से झलकी संस्कृति की महक

**बनवार।** संस्कृति से ही समाज की पहचान होती है इस भाव को साकार करते हुए दीपांजलि सोशल वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंच पर लोकगीतों, नृत्यों और जनजागरूकता पर केंद्रित प्रस्तुतियों ने ऐसा रंग जमाया कि पूरा सभागार तालियों की गूंज से भर उठा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे धर्मेंद्र सिंह लोधी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) — संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग मध्यप्रदेश सरकार। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और कहा सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी सभ्यता और परंपराओं की पहचान हैं। संस्कृति का संरक्षण ही समाज को दिशा देता है। कार्यक्रम में नशामुक्ति विषय पर दी गई प्रस्तुतियों ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। लोकगायक लखन परदेसी (बनवार) ने अपने सुमधुर स्वरों में नशे के दुष्परिणामों को बेहद संवेदनशील अंदाज़ में प्रस्तुत किया। गीतों के माध्यम से 'नशामुक्त समाज – स्वस्थ भारत' का संदेश गूंज उठा। अपने उद्बोधन में मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा —हमारी सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। लाड़ली बहना योजना हो, किसान सम्मान निधि हो या सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण का कार्य — सरकार हर क्षेत्र में तत्परता से कार्य कर रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में आयोजक संस्था की ओर से अतिथियों का सम्मान किया गया और सांस्कृतिक एकता के इस उत्सव को सफल बनाने वाले सभी कलाकारों को शुभकामनाएँ दी गईं।



# एक साल पहले मृत महिला फिर से कर दिया मृत घोषित

**तेंदूखेड़ा।** एमपी अजब है यहां कारनामें उससे ज्यादा गजब है। इस बार जो मामला सामने आया है,वो सभी को चौकाने वाला है। दरअसल, दमोह जिले के तेंदूखेड़ा जनपद अंतर्गत आने वाली दरौली ग्राम पंचायत से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां की एक महिला राधारानी गौंड़ पति करन सींग गौंड़ जिसकी मौत 05 जनवरी 2024 में दर्ज की जा चुकी थी, और उसी मृत महिला को 06 अप्रैल 2025 में दोबारा मृत घोषित कर दिया गया है। यह मामला न केवल प्रशासनिक लापरवाही की ओर इशारा करता है, बल्कि यह भी सवाल खड़े करता है कि सिस्टम में इतनी बड़ी चूक आखिर कैसे हुई..? जानकारी के मुताबिक, राधारानी की मृत्यु से संबंधित दस्तावेज 2024 में ही पंचायत व राजस्व विभाग में दर्ज हो चुके थे. बावजूद इसके, इस वर्ष फिर से उसी महिला की मृत्यु प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया चलाई गई और उसे फिर से मृत घोषित कर दिया गया. जब इस सम्बंध में हमनें ग्राम पंचायत दरौली के ग्रामीणो से बात कि तो उन्होंने इसे कोई साधारण भूल नहीं, बल्कि किसी गहरी साजिश या फर्जीवाड़े को लेकर आशंका जताई इस दोहरी मौत का इस्तेमाल ज़मीन, पेंशन या किसी अन्य सरकारी लाभ से जुड़ी धोखाधड़ी के लिए किया जा सकता है। मामला सामने आने के बाद जिला प्रशासन हरकत में आया है। तेंदूखेड़ा जनपद के अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है, संबंधित पंचायत सचिव व पटवारी से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपागरे ने बताया कि यह गंभीर मामला है यदि पहले से मृत महिला के नाम पर दोबारा मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किया गया है तो यह न केवल रिकॉर्ड में गड़बड़ी है, बल्कि आपराधिक कृत्य भी हो सकता है.मामले की जांच शुरू कर दी है, दूसरों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्वास्थ्य टीम ने मेडीकोज से की दवाई जब्त

### कार्रवाई लगातार जारी रहेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह



छिंदवाड़ा जिले में जो बच्चों की मृत्यु हुई है जिस दवा के बारे में जानकारी मिली थी उसको लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने एक टीम गठित की थी, जिसमें सहायक कलेक्टर ऋषिकेश ठाकरे, एसडीएम आरएल बागरी, डिप्टी कलेक्टर रचना प्रजापति, सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल और डीएचओ डॉ. रीता चटर्जी शामिल थीं, 05 लोगो की टीम थी। टीम ने टंडन बगीचा स्थित माया मेडीकोज में पर जाकर देखा कि उनके पास श्री सन् कम्पनी की कितनी दवा है, उनके कम्प्यू0टर पर दवाओं की लिस्ट को चेक किया, जिसमें 68 प्रकार की श्री सन् कम्पनी की दवायें उनके पास निकली। दवा विक्रेता ने बताया कि वह 25 वर्ष से कम्पनी के साथ जुड़े है और उनसे व्यापार करते है आज की तारीख की बैलेंस शीट जब निकाली तो पता चला कि उनके पास 68 दवाओं में से केवल 18 प्रकार की दवायें है, उनके पास जो 18 प्रकार की दवायें रखी हुई थीं सभी का बैच नंबर निकाला और कितनी मेडीशन उनके पास उपलब्ध है यह जब जानकारी टीम ने देखी। डॉ. रीता चटर्जी ने बताया बड़ी बात यह है कि छिंदवाड़ा में जिस कफ सीरफ से बच्चों की मौत हुई थी वह कफ सीरफ उन्होंने नही बुलाया था, जो 68 प्रकार की दवायें उनके पास उपलब्ध थीं उसमें संबंधित कफ सीरफ का नाम नहीं था, बाकि जितनी भी दवाई थीं सब सील कर ली गई है और आयुष विभाग के कमरे में स्टोर कर लिया गया है। उन्होने बताया कि यह मेडीकल संचालक जिले के 23 स्टोर्स को दवाईयां डिस्ट्रीब्यूट करता है, लोगो ने सबसे पहले लाइन लिस्ट निकाली और कलेक्टर को दिया, कलेक्टर ने एसडीएम को फारवर्ड कर दिया, यह हटा, बटियागढ, पथरिया, दमोह सभी क्षेत्रों में दवाईयां भेजी जाती है।